शनिवार, 14 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 35 |
| आर्द्रता | 95% |
| सूर्योदयः 05:47 | सूर्यास्तः 17:44 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : फ़ैशन कुरूपता का एक प्रकार है जो इतना असाध्य है कि हमें उसे हर छह महीने में बदल देना होता है।



देशभर में घरेलू गैस की 'किल्लत' से लोग प्रभावित, केंद्र ने घबराहट में 'बुकिंग' से बचने की सलाह दी पृष्ठ 6

# आज पीएम मोदी ब्रिगेड मैदान में रैली को करेंगे संबोधित

## 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित करने के साथ ही लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि परिवर्तन यात्रा 237 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है और 10 लाख से अधिक लोगों ने इसका स्वागत किया है। आज मोदी ब्रिगेड परेड ग्राउंड में विशाल रैली को संबोधित करेंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री सड़क अवसंरचना, रेलवे, बंदरगाह और जहाजरानी क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के साथ ही आधारशिला भी रखेंगे। सड़क संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े कदम के तहत, मोदी



लगभग 16,990 करोड़ रुपये की लागत से कुल 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला भी रखेंगे। वह एनएच-116ए के 231 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले खड़गपुर-मोरग्राम आर्थिक गलियारे खंड के पांच पैकेज सहित कई नयी राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। रेल क्षेत्र में, प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य में पुनर्विकसित किए गए छह रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

**दक्षिणेश्वर मंदिर के मॉडल पर बनाया गया है मुख्य मंच**

ब्रिगेड मैदान में पीएम की इस रैली को ऐतिहासिक बनाने व लोगों को आकर्षित करने के लिए भाजपा ने इस बार कई नई पहल की है। मुख्य मंच, जहां से पीएम रैली को संबोधित करेंगे, उसे दक्षिणेश्वर मंदिर के मॉडल पर बनाया गया है। इसके अलावा, सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार मुख्य मंच के सामने तार की जाली के मजबूत बैरिकेड लगाए गए हैं। वहीं, भीड़ नियंत्रित करने के लिए विशाल ब्रिगेड मैदान में 64 ब्लॉक बनाए गए हैं।

### पीएम की ब्रिगेड रैली में सभी पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे : शुभेंदु अधिकारी

नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को दावा किया कि इस बार पीएम की ब्रिगेड रैली में सभी पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे और पांच लाख से भी अधिक लोग शामिल होंगे। पूरा प्रदेश भाजपा नेतृत्व पीएम की रैली को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटे हुए हैं। शुभेंदु ने कहा कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बंगाल: पहली पूरक मतदाता सूची के अगले सप्ताह प्रकाशित किए जाने की संभावना

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा पहली पूरक मतदाता सूची के अगले सप्ताह के अंत से पहले जारी होने की उम्मीद है। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस सूची में उन लगभग 60 लाख मतदाताओं में से कुछ के नाम शामिल होंगे जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में ''विच-राधीन'' के रूप में चिह्नित किए गए थे। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। सूत्रों ने कहा, ''28 फरवरी को 'विचाराधीन' के रूप में चिह्नित 15 लाख नामों की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, जबकि इस श्रेणी में अतिरिक्त नामों की जांच अगले पांच दिनों में की जाएगी और पहली पूरक सूची को प्रकाशन से 24 घंटे पहले, संभवतः अगले शुक्रवार तक तदनुसार अद्यतन किया जाएगा।'' कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने इस प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए कथित तौर पर एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है और ऐप का लिंक संबंधित न्यायिक अधिकारियों के साथ पहले ही साझा किया जा चुका है।

## पश्चिम एशिया संकट: विदेश मंत्री जयशंकर ने दो सप्ताह में अपने ईरानी समकक्ष से चौथी बार बात की



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के तुरंत बाद जयशंकर और अराघची ने 28 फरवरी को बातचीत की थी। इसके बाद उन्होंने 5 मार्च और 10 मार्च को भी बात की थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''बीती रात ईरानी विदेश मंत्री अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।'' बीती रात फोन पर बातचीत ऐसे समय में हुई जब भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। इस समुद्री मार्ग को अमेरिका-इजराइल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद ईरान ने आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक सुरक्षित रवाना

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक जहाज सुरक्षित रूप से रवाना हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग प्रकाश' होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व से रवाना हो गया है।

### ईरान ने किए खाड़ी देशों और इजराइल पर हमले, ट्रंप ने दी चेतावनी

**दुबई :** ईरान ने खाड़ी के अरब देशों पर शुक्रवार तड़के कई हमले किए, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उसे बड़े जवाबी हमले की चेतावनी दी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''देखते रहिए, आज इन कुटिल लोगों का क्या हश्र होता है। ईरान की नौसेना नाश हो चुकी है, वायुसेना तबाह हो गई है। मिसाइल, ड्रोन और सब कुछ खत्म हो गए हैं और उनके नेताओं का नामोनिशान धरती से मिटा दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम ईरान के आतंकी शासन को सैन्य, आर्थिक और हरेक तरीके से पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं।'' ट्रंप ने कहा, ''वे 47 वर्ष से दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति होने के नाते, उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है।''

### ईरान के नये सर्वोच्च नेता घायल

**दुबई :** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के नये सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मुज्तबा खामेनेई ''घायल हैं और संभवतः उनका शरीर विकृत हो गया है।'' हेगसेथ का यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई के उस बयान के एक दिन बाद शुक्रवार को आया, जिसमें उन्होंने (मुज्तबा खामेनेई ने) एक लिखित बयान जारी करके युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया था।

### ओमान के औद्योगिक केंद्र सोहार पर ड्रोन हमले में दो भारतीयों की मौत, 10 घायल

**नयी दिल्ली :** ओमान के सोहार शहर में शुक्रवार को हुए ड्रोन हमले में दो भारतीय नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका संघर्ष शुरू होने के बाद से जमीन पर भारतीयों की मौत का यह पहला मामला है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम महाजन ने पश्चिम एशिया में संकट पर एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में ओमान में दो भारतीयों की हत्या की पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया से 1,50,000 भारतीय नागरिक भारत लौट चुके हैं।






## इच्छामृत्यु के बाबत स्पष्ट कानून जरूरी

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है। कई स्थानों पर तो अपने आत्मीय की मृत्यु के बाद भी उसे वर्षों तक जीवन लौटने की आस में घर पर रखा गया। लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है। हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। निस्संदेह,यह मामला उन रोगियों के परिवारों के सामने उपस्थित पीड़ादायक दुविधा को ही उजागर करता है, जिनके ठीक होने की कोई वास्तविक संभावना नहीं होती। जो महज चिकित्सकीय मदद से ही जीवित रहते हैं। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। बहरहाल, इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा।

दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है। जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। निस्संदेह, हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा–निर्देशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं। बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग विल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। निस्संदेह, ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। अंतत, निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। निस्संदेह, शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति–नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए। जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने व मरने की अनुमति दे सके। निस्संदेह, देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिये किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिये परिस्थितियां पैदा न की जा सकें। दुनिया के तमाम विकसित देशों में इस आशंका के चलते ही इच्छामुत्यु को कानूनी रूप देने से परहेज किया गया है। यह जटिल मामला भी है, जिसके निर्धारण के लिये कानूनी स्पष्टता और मामले की गहन निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

# भारत की दीर्घकालीन ऊर्जा रणनीति को मजबूत बनाना

ऑपरेशन एपिक फ्यूरी ने विश्व ऊर्जा कीमतों पर व्यापक प्रभाव डाला है, जिससे कुछ ही दिन पहले कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। तब से, कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं, जिससे पूरा ऊर्जा बाजार तनाव में है। वैश्विक चिंता के केंद्र में होर्मुज जलडमरूमध्य है, जो विश्व का सबसे महत्वपूर्ण चोकपॉइंट है, जिससे होकर वैश्विक कच्चे तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। होर्मुज जलडमरूमध्य भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन फिलहाल स्थिति नियंत्रण में दिख रही है। पिछले 11 वर्षों में, भारत ने सक्रिय रूप से अपने ऊर्जा आयात के स्रोतों में विविधता लाई है। भारत ने अपने ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण को बदलने के लिए भी काम किया है, और घरेलू स्तर पर उत्पादित नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया है।

कल्पना कीजिए, अगर यह संकट भारत में एक दशक पहले आया होता। हमारे लगभग सभी तेल और गैस एक ही अस्थिर क्षेत्र से आते और कोई ठोस विकल्प मौजूद नहीं रहता, तो इसका प्रभाव विनाशकारी होता। पेट्रोल और डीजल की कीमतें रातों–रात आसमान छू जातीं, जिससे परिवहन व्यवस्था ठप्प हो जाती और महंगाई बेतहाशा बढ़ जाती। भारत इस संकट से उत्पन्न उथल–पुथल से अपेक्षाकृत अछूता रहा है। इसके विपरीत, अन्य देश काफी संघर्ष कर रहे हैं। जापान, जो पहले से ही रिकॉर्ड–उच्च सार्वजनिक ऋण से बोझिल है, सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। गैस पर निर्भर ब्रिटेन में कीमतों में तत्काल वृद्धि देखी गई है, जिससे मुद्रास्फीति फिर से बढ़ गई है। मिस्र और तुर्की जैसे देश नए मुद्रास्फीति दबावों का सामना कर रहे हैं। सिंगापुर बिजली और पेट्रोल की कीमतों में भारी वृद्धि से जूझ रहा है, जबकि दक्षिण कोरिया ने तेल की कीमतों में उछाल के बीच अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए लगभग तीन दशकों में पहली बार ईंधन की कीमतों पर सीमा लगा दी है।

इसलिए वर्तमान संकट एक महत्वपूर्ण सबक देता है, भारत की आज की सापेक्षिक लचीलापन कोई संयोग नहीं है। यह पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने और घरेलू क्षमता को मजबूत करने के लिए किए गए सुनियोजित नीतिगत निर्णयों का परिणाम है।आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में, कोई भी देश ऊर्जा के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। यहां तक कि विकसित अर्थव्यवस्थाएं भी ईंधन, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर हैं। असली चुनौती निर्भरता को पूरी तरह से समाप्त करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि एक भी व्यवधान पूरी व्यवस्था को पंगु न कर दे।

पिछले एक दशक में भारत ने लगातार इसी दिशा में प्रगति की है। बहुआयामी कूटनीति की रणनीति के माध्यम से, देश ने कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है, जिससे किसी एक आपूर्तिकर्ता या क्षेत्र पर निर्भरता कम हो गई है। विश्व के किसी भी हिस्से में आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में, यह व्यापक नेटवर्क भारत को समायोजन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करता है। इस प्रकार, सभी अंडे एक ही टोकरी में न रखने से हमें संकट से उबरने में मदद मिली है।

साथ ही, भारत ने अपनी घरेलू ऊर्जा क्षमता के विस्तार में तेजी लाई है। पिछले 11 वर्षों में देश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता दोगुनी से अधिक हो गई है और अब 520 गीगावॉट से अधिक हो गई है, जिसमें से आधे से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा सहित गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त होती है। स्वच्छ ऊर्जा के इस तीव्र विस्तार के बिना, बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए भारत आज आयातित ईंधनों पर कहीं अधिक निर्भर होता।

इस बदलाव का एक अन्य सबसे स्पष्ट उदाहरण प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना है, जिसका उद्देश्य एक करोड़ घरों में छत पर सौर पैनल लगाना है। इससे परिवारों को अपनी बिजली खुद पैदा करने में मदद मिली है, विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिला है और पारंपरिक बिजली स्रोतों पर दबाव कम हुआ है।

घरेलू बिजली बिलों को कम करने के अलावा, इस कार्यक्रम के महत्वपूर्ण दीर्घकालिक आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ भी हैं। इस पहल से सरकार को बिजली लागत में सालाना लगभग 75,000 करोड़ की बचत होने की उम्मीद है, जो इस बात को दर्शाता है कि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार किस प्रकार राजकोषीय दक्षता और स्थिरता को एक साथ मजबूत कर सकता है।

इस तरह के विकेंद्रीकृत सौर ऊर्जा विस्तार के बिना, बढ़ती बिजली की मांग जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन पर अधिक दबाव डालती, जिससे ईंधन आयात बढ़ता और भारत आज जैसी वैश्विक ऊर्जा संकटों के प्रति कहीं अधिक संवेदनशील हो जाता।

इन पहलों का असर घरेलू ऊर्जा व्यवहार पर भी पड़ने लगा है। जैसे–जैसे छतों पर सौर ऊर्जा का विस्तार हो रहा है और बिजली सस्ती हो रही है, परिवार खाना पकाने और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए बिजली के उपकरणों पर अधिक निर्भर हो सकते हैं। समय के साथ, यह बदलाव भारत की आयातित एलपीजी पर निर्भरता को भी कम कर सकता है। नवीकरणीय बिजली उत्पादन के साथ–साथ, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने परिवहन क्षेत्र में भी बदलाव ला रहा है। यह बदलाव रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि परिवहन क्षेत्र भारत की तेल खपत का एक बड़ा हिस्सा है, जिसका अर्थ है कि परिवहन को विद्युतीकृत करने से कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग धीरे–धीरे कम हो सकती है। इस बदलाव को दर्शाते हुए, भारत का इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र 2014 में मात्र 2,600 इलेक्ट्रिक वाहनों से बढ़कर 2025 में 16.71 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री तक तेजी से पहुंचा है, जो स्वच्छ परिवहन को तेजी से अपनाने का संकेत है।

इस परिवर्तन में सरकारी नीतियों ने अहम भूमिका निभाई है। फेम–2 योजना (2015) ने लगभग 2.78 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को समर्थन दिया, जिससे लगभग 5 करोड़ लीटर ईंधन की बचत हुई। जैसे–जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ रहा है, इसका प्रभाव स्वच्छ परिवहन से कहीं अधिक व्यापक हो रहा है। समय के साथ, इलेक्ट्रिक गतिशीलता में वृद्धि से भारत की आयातित तेल पर निर्भरता कम होगी, जिससे देश मध्य पूर्व में चल रही वैश्विक उथल–पुथल जैसी समस्याओं के प्रति कम संवेदनशील होगा। यदि पिछले दशक में इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से विस्तार नहीं हुआ होता, तो भारत मुश्किल में पड़ जाता। परिवहन के लिए भारत पेट्रोल और डीजल पर और भी अधिक निर्भर होता, जिससे अर्थव्यवस्था ईंधन की कीमतों में और अधिक वृद्धि और आयात बिल में भारी वृद्धि के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती, ऐसे समय में जब वैश्विक ऊर्जा बाजार पहले से ही गंभीर दबाव में हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा का विद्युत गतिशीलता के साथ एकीकरण एक शक्तिशाली गुणक प्रभाव पैदा करता है। पेट्रोल या डीजल वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहनों की परिचालन लागत पहले से ही काफी कम है। जब इलेक्ट्रिक वाहनों को घर पर उत्पन्न सौर ऊर्जा से चार्ज किया जाता है, तो परिवहन न केवल स्वच्छ बल्कि काफी सस्ता भी हो जाता है। इसका व्यापक प्रभाव आर्थिक और रणनीतिक दोनों है। ईंधन आयात में कमी से न केवल वायु गुणवत्ता और गतिशीलता में सुधार होता है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था को बाहरी तेल संकटों से भी बचाता है, जैसे कि वर्तमान में वैश्विक ऊर्जा बाजारों में हो रहे हैं।

भारत ने भू–राजनीतिक संकटों के दौरान आपूर्ति में व्यवधान की तैयारी के लिए पिछले दशक में अपनी रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) क्षमता को भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पडूर में रणनीतिक भंडार के साथ अपने आपातकालीन तेल भंडारण अवसंरचना का विस्तार किया, जबकि चांदीखोल और पडूर चरण–2 में अतिरिक्त सुविधाओं की शुरुआत की।

परिणामस्वरूप, आज भारत के पास इतना तेल भंडार है जो रणनीतिक भंडार और व्यावसायिक भंडार को मिलाकर देश की ज़रूरतों को लगभग 74 दिनों तक पूरा कर सकता है। हालांकि, एक दशक पहले, भारत का आपातकालीन कच्चे तेल का भंडार केवल 13 दिनों की मांग को पूरा कर पाता था, जिससे अर्थव्यवस्था अचानक आयात में होने वाले झटकों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती थी। इसलिए, रणनीतिक भंडारों के विस्तार ने भारत को वैश्विक ऊर्जा बाजारों में मौजूदा संकट जैसी स्थितियों में आपूर्ति में व्यवधान और कीमतों में उतार–चढ़ाव से निपटने के लिए काफी मजबूत स्थिति में ला दिया है।8

आज की दुनिया में जहां भू–राजनीतिक तनाव रातोंरात वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं, वहीं वास्तविक लचीलापन संकट के दौरान विकसित नहीं होता। इसे दूरदर्शिता, रणनीतिक योजना और निर्णायक कार्रवाई के माध्यम से वर्षों पहले ही तैयार करना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा ऊर्जा विविधीकरण के लिए एक दशक से किए जा रहे प्रयासों, जिनमें आयात स्रोतों और मार्गों का विविधीकरण, मजबूत दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी का निर्माण, घरेलू बुनियादी ढांचे में भारी निवेश और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तीव्र गति से बदलाव शामिल हैं, का महत्व अब स्पष्ट रूप से सिद्ध हो रहा है। होर्मुज संकट ने विश्व भर में कमजोरियों को उजागर किया है, और भारत की तैयारियों ने कई अन्य देशों की तुलना में इसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया है। यह क्षण इस बात पर जोर देता है कि ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय आत्मनिर्भरता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण क्यों है। एक अनिश्चित दुनिया में, ऐसी दूरदर्शी रणनीतियां अचानक आने वाले आर्थिक झटकों के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बनी हुई हैं।

# बंगाल की खबरें

## शुभेंदु अधिकारी ने नए राज्यपाल से की मुलाकात, राष्ट्रपति के 'अपमान' का मुद्दा उठाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने नए राज्यपाल आर. एन. रवि के साथ अपनी पहली मुलाकात के दौरान राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित 'अपमान' का मुद्दा उठाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अधिकारी ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति भवन द्वारा तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं दिए जाने के फैसले का उन्होंने स्वागत किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में



राज्य में बांग्लादेशी मुसलमानों की अवैध घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने की भी मांग की। उन्होंने दावा किया कि अगर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में बनी रहती है तो वर्ष 2041 तक राज्य में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता का विषय है। विपक्ष के नेता ने यह भी दावा किया कि महंगाई भत्ता बकाया की मांग को लेकर राज्य सरकारी कर्मचारियों के एक वर्ग द्वारा किया गया कार्य बहिष्कार '100 प्रतिशत सफल' रहा। उन्होंने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो राज्य सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा। शुभेंदु ने राज्यपाल के साथ अपनी मुलाकात को अच्छा बताया। उन्होंने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक अच्छे आदमी हैं। राष्ट्र के हितों के प्रति समर्पित हैं। मुझे विश्वास है कि वे बंगाल में संवैधानिक सिद्धांतों को धरातल पर उतारने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

## लेनोवो ने कोलकाता में एआई–संचालित पीसी, गेमिंग डिवाइसऔर टैबलेट पेश किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेनोवो ने कोलकाता में अपने नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपभोक्ता उपकरणों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नई पीढ़ी के स्मार्ट कंप्यूटर, गेमिंग उपकरण और टैबलेट पेश किए गए, जिन्हें रचनाकारों, पेशेवरों, विद्यार्थियों और गेम खेलने वालों के लिए विकसित किया गया है। कंपनी ने अपने प्रमुख कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कंप्यूटर योगा स्लिम 7आई ऑरा संस्करण को भी प्रस्तुत किया। यह उपकरण उपयोगकर्ता की कार्य शैली के अनुसार अपने प्रदर्शन को स्वतः समायोजित करने में सक्षम है और ऊर्जा की बचत के साथ बेहतर कार्य अनुभव प्रदान करता है। लेनोवो ने अपनी नई लीजन जनरेशन 10 गेमिंग श्रृंखला भी प्रदर्शित की, जिसमें उच्च क्षमता वाले प्रोसेसर और उन्नत ग्राफिक्स तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे तेज़ और सुचारु गेमिंग अनुभव मिलता है। इसके अलावा आइडिया टैब प्रो और योगा टैब प्लस जैसे नए टैबलेट भी पेश




किए गए। लेनोव इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस डायरेक्टर कमान चावला ने कहा कि भारत में डिजिटल तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है और कोलकाता इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मालदा में बीएलओ की संदिग्ध मौत, दबाव और धमकियों का आरोप

**मालदा :** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालियाचक इलाके में एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की मौत के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक का नाम अबुल बरकत बताया गया है। परिवार का आरोप है कि मतदाता सूची में कई नामों के विचाराधीन होने के कारण उन पर लगातार दबाव और धमकियां दी जा रही थीं, जिसके चलते वे मानसिक तनाव में थे। जानकारी के अनुसार अबुल बरकत सुजापुर विधानसभा क्षेत्र के बामनग्राम के 153 नंबर बूथ के बीएलओ थे। वे नयमौजा सुभानिया हाई मदरसा के पूर्व शिक्षक भी रह चुके थे और कालियाचक इलाके में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद के रूप में जाने जाते थे। बताया जा रहा है कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बाद इस बूथ पर 579 लोगों के नाम विचाराधीन पाए गए थे। इसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी। मृतक के परिवार और रिश्तेदारों का आरोप है कि जिन लोगों के नाम सूची में विचाराधीन थे, वे घर जाकर बरकत पर दबाव बना रहे थे। परिजनों के अनुसार उन्हें इन मतदाताओं से संबंधित दस्तावेज और जानकारी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भी लगातार काम करना पड़ रहा था, जिससे वे बेहद तनाव में थे। शुक्रवार तड़के उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार के लोग उन्हें तुरंत मालदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मेदिनीपुर में अपहरण की कोशिश में पांच गिरफ्तार

**मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर शहर में अपहरण की कोशिश के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना गत गुरुवार की रात 9.30 बजे करीब पंचुर चक इलाके में हुई। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक युवक को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। युवक का नाम पलाश बताया जा रहा है। पलाश के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और आरोपितो को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सुरक्षित छुड़ा लिया गया। बाद में, पुलिस मौके पर पहुंची और पांचों आरोपितो को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि युवक की पहचान फेसबुक के जरिए एक अज्ञात व्यक्ति (पार्थ दास) से हुई थी। उसी व्यक्ति से मिलने के लिए वह वहां गया था, जहां यह घटना हुई। आरोपितो ने पहले उसे कॉलेज मैदान में मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन युवक के वहां जाने से मना करने पर बाद में पंचुर चक इलाके में खादिम की दुकान के सामने आने को कहा गया। वहीं उसे जबरन कार में बैठाने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, इस घटना के पीछे की असली वजह क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 मार्च, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष दशमी, 08:09 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 28:41 तक, योग : वरीघा, 10:33 तक, सूर्योदयः 05:47, सूर्यास्तः 17:44, चन्द्रोदय : 02:28, चन्द्रास्तः 13:20, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 08:48 से 10:16

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सुख और संतोष से भरा रहने वाला है। व्यापार से जुड़ी आपकी योजनाएं आपको अच्छा लाभ दे सकती हैं, जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृष :** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। हालांकि परिवार में किसी सदस्य की सेहत अचानक खराब हो सकती है, जिसके कारण आपको भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में भी आप किसी सहकर्मी से किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मान–सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आ सकता है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने की प्रबल संभावना रहेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए नई संभावनाएं लेकर आ सकता है, खासकर नौकरी के क्षेत्र में। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं और किसी कार्य से संबंधित यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए प्रगति और तरक्की के संकेत लेकर आ सकता है। कामकाज में सफलता पाने के लिए आपको योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपको हर निर्णय सोच–समझकर लेने की सलाह दे रहा है। आप अपने जीवनसाथी के लिए नए कपड़े या कोई आभूषण भी खरीद सकते हैं, जिससे रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को टालने के बजाय उन्हें समय पर पूरा करने की कोशिश करें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए व्यापार और कामकाज में वृद्धि का संकेत दे रहा है। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सेहत में थोड़ी गिरावट आ सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। कोई व्यक्ति आपके कामों में बाधा डालने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सावधान रहें।

**मीन :** आज का दिन कामकाज के मामलों में आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कार्यों को लेकर काफी मेहनत करेंगे और उसका अच्छा परिणाम भी देखने को मिल सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3378

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| ■ | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | | | ■ | ■ | 21 | | | ■ |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | ■ | ■ | ■ | 24 |
| 25 | | 26 | | | ■ | 27 | | | |
| | ■ | | ■ | 28 | | | ■ | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) एक द्विदल धान्य, 2) एक *अंग्रेजी* महीना, 4) चौपाया, 5) एक तीर्थस्थान, 6) एक धातु, 7) अन्य, 8) धरती, 10) हिसाब; *एकाउंट,* 12) भुजा, 14) छोकरा, 17) अभी का, 18) झोपड़ी, 20) झिरी; अलगाव, 21) जिसके अभिभावक अथवा रक्षक हो, 22) अंधा व्यक्ति, 23) शिलाखंड, 25) चूर-चूर, 27) खुसुरपुसुर, 28) चुनना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) प्रत्यक्षदर्शी 2) सीता, 3) कुमार्गी, 4) आगे, 5) एक गुजराती नृत्यप्रकार, 9) दुलार, 11) एक गुजराती खाद्य पदार्थ, 13) कला, 15) डँसना, 16) एक पौधा जिसकी गाँठे मसाले में प्रयोग की जाती हैं, 19) मार्ग, 21) भड़काना, 22) इत्तला; संकेत, 23) वसा, 24) कपड़े पर की कढ़ाई, 26) ठिंगनी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | त | ब | ल | ■ | अं | द | रू | नी | ■ |
| रा | ■ | द | ब | द | बा | ■ | ■ | रा | ह |
| म | ग | ज़ | ■ | स | र | दा | र | ■ | स |
| खो | ■ | बा | र | ह | ■ | म | ज | बू | र |
| र | ज | नी | ■ | री | स | ■ | नी | ■ | त |
| ■ | ल | ■ | अ | ■ | त | ला | श | ना | ■ |
| सू | द | ■ | स | म | त | ल | ■ | ■ | प्र |
| र | ■ | स | म | स्त | ■ | पी | ड़ा | ग्र | स्त |
| त | बा | ही | ■ | क | टी | ला | ■ | ह | र |

## सुडोकू-पहेली-3336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | 2 | 9 |
| | 3 | | | 8 | | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 3 | 5 |
| | 5 | 1 | | 7 | | | | |
| | 8 | | | 9 | 5 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 2 | | 3 | 4 | | | | | |
| | | | 3 | | | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3335 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 2 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 4 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा

सुविचार : फ़ैशन कुरूपता का एक प्रकार है जो इतना असाध्य है कि हमें उसे हर छह महीने में बदल देना होता है।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# पश्चिम बंगाल में सशक्त नारी-शक्ति

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत **16 लाख** माताओं को लगभग **₹740 करोड़** की सहायता
- लगभग **1 करोड़** घरों तक नल से स्वच्छ जल और **1.2+ करोड़** उज्ज्वला गैस कनेक्शन से धुआँ-मुक्त रसोई, महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य और गरिमा सुनिश्चित
- **85 लाख** शौचालयों से गरिमा सुनिश्चित और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत **52 लाख** घर, जिनमें **70%** में महिलाओं का स्वामित्व
- लगभग **12 लाख** स्वयं सहायता समूहों से करीब **1.25 करोड़** परिवार सशक्त; **11.5 लाख** लखपति दीदियों से महिला नेतृत्व में उद्यमिता को बल
- सुकन्या समृद्धि योजना के तहत **22.5+ लाख** बेटियों का भविष्य सुरक्षित
- लगभग **27.5 लाख** महिला-नेतृत्व वाले MSMEs संचालित, राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति
- **3,550+** महिला -नेतृत्व वाले स्टार्टअप, नवाचार और नए अवसरों को मिल रहा बढ़ावा



## विकसित बंगाल विकसित भारत
## पीएम मोदी का संकल्प

CBC 01101/13/0045/2526

" भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। "

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# कोलकाता पुलिस ने गैस आपूर्ति के नाम पर ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की दी चेतावनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को लोगों को संभावित ऑनलाइन जालसाजी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी। पुलिस ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति और गैस आपूर्ति पर संभावित असर का फायदा उठाकर ठग आम लोगों को निशाना बना सकते हैं। शहर पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह की ठगी के कुछ मामले पहले ही सामने आ चुके हैं। कई नागरिकों को संदिग्ध फोन कॉल, संदेश या व्हाट्सऐप संदेश प्राप्त हुए हैं। अधिकारी के अनुसार, इन मामलों में ठग स्वयं को केंद्र सरकार का अधिकारी बताकर रसोई गैस उपभोक्ताओं से संपर्क करते हैं। फोन पर वे यह दावा करते हैं कि सरकार गैस के उपयोग को लेकर सर्वेक्षण कर रही है। इसके बाद उपभोक्ता से कहा जाता है कि उसने पिछली बुकिंग के 25 दिनों के भीतर ही गैस सिलेंडर बुक कर लिया है, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता को यह भी कहा जाता है कि इस नियम उल्लंघन के लिए उस पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। यदि उपभोक्ता डरकर समाधान पूछता है, तो ठग उसे एक लिंक भेजकर उस पर क्लिक करने और ऑनलाइन प्रपत्र भरने के लिए कहते हैं। जैसे ही उपभोक्ता उस लिंक पर क्लिक करता है, ठग उसके मोबाइल के पूरे डेटा तक पहुंच बना लेते हैं। इसके बाद उसके बैंक खाते से धन निकाल लिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि ठग लोगों को फंसाने के लिए एक और तरीका अपना रहे हैं। इसमें उपभोक्ता को बताया जाता है कि लॉटरी के माध्यम से उसका चयन हुआ है और बुकिंग के दो दिन के भीतर उसके घर गैस सिलेंडर की आपूर्ति कर दी जाएगी। इस लालच में आकर उपभोक्ता को व्हाट्सऐप पर भेजे गए लिंक के माध्यम से एक प्रपत्र भरने के लिए कहा जाता है। अधिकारी ने कहा कि यदि किसी को इस तरह की संदिग्ध कॉल या संदेश प्राप्त हो, तो उसे पूरी तरह अनदेखा करें और तुरंत निकटतम थाने को इसकी सूचना दें। किसी भी परिस्थिति में अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा करें। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न थानों की साइबर शाखाओं को पहले ही सतर्क कर दिया गया है और आम लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।

# ब्रिगेड में प्रधानमंत्री की सभा के मद्देनज़र कोलकाता में ट्रैफिक नियंत्रण, कई मार्गों पर बदलाव

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रशासनिक बैठक और जनसभा आयोजित होने जा रही है। इस कार्यक्रम के मद्देनज़र शहर में शनिवार सुबह से कई प्रमुख सड़कों पर यातायात नियंत्रण लागू किया जाएगा। इस संबंध में कोलकाता ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही एक अधिसूचना जारी कर दी है।

सूचना के अनुसार एस्प्लेनेड, केपी रोड, हॉस्पिटल रोड, लवर्स लेन, कैसुरिना एवेन्यू और क्वीन्सवे सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों पर यातायात को नियंत्रित किया जाएगा। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।



ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि इस दौरान सभी प्रकार के भारी माल-वाहक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि एलपीजी सिलेंडर, सीएनजी, पेट्रोलियम पदार्थ, तेल, ऑक्सीजन, सब्जियां, दवाइयां, फल, मछली और दूध ले जाने वाले वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

इसके अलावा विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से कैथेड्रल रोड के बीच एजेसी बोस रोड, खिदिरपुर रोड, हॉस्पिटल रोड, क्वीन्सवे, कैथेड्रल रोड, कैसुरिना एवेन्यू और लवर्स लेन पर पार्किंग की अनुमति नहीं होगी।

पुलिस के अनुसार सियालदह और हावड़ा स्टेशन के अलावा दक्षिण और उत्तर कोलकाता के विभिन्न इलाकों, श्यामबाजार और धर्मतला से रैलियां और जुलूस आने की संभावना है।

सुबह चार बजे से रात आठ बजे तक ट्राम और अन्य वाहनों की आवाजाही को आवश्यकतानुसार दूसरे मार्गों पर मोड़ा जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस को परिस्थिति के अनुसार अन्य सड़कों पर भी यातायात व्यवस्था में बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं।

# केंद्रीय प्रतिनियुक्ति को लेकर अटकलों के बीच दार्जिलिंग के डीएम मनीष मिश्रा का तबादला

## सुनील अग्रवाल नये डीएम नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को दार्जिलिंग के जिलाधिकारी (डीएम) मनीष मिश्रा का तबादला कर उन्हें राज्य गृह विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राज्य की हालिया यात्रा को लेकर विवाद के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त सी. सुधाकर और मिश्रा की सेवाएं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लेने की चर्चा के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। राज्य सरकार की एक अधिसूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल सिविल सेवा (डब्ल्यूबीसीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुनील अग्रवाल, जो वर्तमान में उत्तर बंगाल विकास विभाग में विशेष सचिव हैं, को दार्जिलिंग के जिलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रशासनिक फेरबदल उन खबरों के कुछ घंटे बाद हुआ, जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राष्ट्रपति के पिछले हफ्ते उत्तर बंगाल दौरे को लेकर विवाद के संबंध में दोनों अधिकारियों की सेवाएं लेने पर विचार कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि राज्य सरकार की अधिसूचना की तारीख 12 मार्च की है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने इस मामले पर राज्य सरकार से राय मांगी है, हालांकि गृह मंत्रालय या राज्य सरकार ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यह विवाद पिछले सप्ताह शनिवार को दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा के पास आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुर्मू की यात्रा के दौरान शुरू हुआ।

# जोड़ासांको में पुरानी जर्जर इमारत की सीढ़ी ढही, अवैध मरम्मत का आरोप

- हादसे में फंसे 22 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया
- पार्षद और स्थानीय लोगों के बीच विरोधाभास

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के जोड़ासांको इलाके में शुक्रवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब 104 एमएम बर्मन स्ट्रीट स्थित एक पुरानी बहुमंजिला इमारत की सीढ़ी का एक हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। इस हादसे के बाद इमारत के ऊपरी हिस्सों में करीब 22 निवासी फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया और सभी को सुरक्षित निकाला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लगभग 70-80 साल पुरानी इस इमारत को कोलकाता नगर निगम ने काफी पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था और इस पर चेतावनी का बोर्ड भी लगा हुआ था। स्थानीय लोगों



का आरोप है कि जर्जर अवस्था के बावजूद मकान मालिक बिना किसी पूर्व अनुमति के मरम्मत का काम करवा रहा था, जिसके दबाव के कारण शुक्रवार सुबह यह दुर्घटना हुई। स्थानीय पार्षद मोहम्मद जसीमुद्दीन ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद दावा किया कि सीढ़ी नहीं, बल्कि शौचालय का हिस्सा गिरा है।

हालांकि, उन्होंने माना कि स्थिति गंभीर है और फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है। निवासियों का आरोप है कि मालिक उनकी सहमति के बिना अवैध निर्माण करा रहा था, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है कि क्या निर्माण के लिए निगम से अनुमति ली गई थी।

# चुनाव आयुक्त के खिलाफ नोटिस पर विचार नहीं हुआ तो संदेह पैदा होगा : डेरेक ओब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि यदि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस पर विचार नहीं किया गया तो कार्यपालिका और सीईसी के बीच मौन सहमति को लेकर संदेह उत्पन्न होगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक ब्लॉग में कहा कि विपक्ष के सदस्य भारत की संस्थाओं की शुचिता की रक्षा के लिए उपलब्ध हर संवैधानिक माध्यम का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रावधान है कि सीईसी को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के समान आधार पर, यानी 'साबित कदाचार या अक्षमता' के आधार पर उनके पद से हटाया जा सकता है।



ओब्रायन ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत में 25 मुख्य चुनाव आयुक्त रहे हैं। संसद के किसी भी सदन द्वारा कभी भी सीईसी के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव नहीं लाया गया। कभी नहीं। उन्होंने कहा कि यदि इस नोटिस पर विचार नहीं हुआ तो कार्यपालिका और सीईसी के बीच मौन सहमति को लेकर संदेह पैदा होगा।

# कोलकाता एयरपोर्ट पर विमान यात्री की मौत, बेंगलुरु जाने से पहले बिगड़ी तबीयत

**कोलकाता :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई, जहां बेंगलुरु जाने वाले एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान 62 वर्षीय अजय गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अजय गुप्ता अपने परिवार के साथ एक निजी विमान सेवा से कोलकाता से बेंगलुरु जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर पहुंचने के कुछ ही देर बाद उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस होने लगा। तबीयत बिगड़ते देख तुरंत एयरपोर्ट के मेडिकल यूनिट को सूचना दी गई। एयरपोर्ट के डॉक्टरों ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार देकर उन्हें स्थिर करने की कोशिश की, लेकिन उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। स्थिति गंभीर होने पर बिना देर किए उन्हें एयरपोर्ट के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार उनकी मौत तीव्र हृदयाघात के कारण हुई है। इस घटना के बाद एयरपोर्ट परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# मुर्शिदाबाद में आम बागान से दो बाल्टी ताजा बम बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का ब्लॉक के जयरामपुर इलाके में एक आम बागान से दो बाल्टी भरे ताजा बम बरामद होने से इलाके में भारी सनसनी फैल गई। गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर फरक्का थाने की पुलिस ने इन विस्फोटकों को बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जयरामपुर इलाके के एक आम बागान में संदिग्ध तरीके से कुछ वस्तुएं जमा कर रखे जाने की खबर फरक्का थाने की पुलिस को मिली थी। इसी आधार पर शुक्रवार की सुबह पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया। तलाशी के दौरान आम बागान के भीतर से दो बाल्टी भरे ताजा बम बरामद किए गए। घटना की खबर पाकर बमों को निष्क्रिय करने के लिए बम स्क्वॉड को सूचित किया गया। साथ ही, पूरे इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। घटनास्थल पर पुलिस तैनात कर इलाके को घेर लिया गया है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# नकद लेकर सवाल पूछने का मामला : उच्चतम न्यायालय ने मोइत्रा मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दिसंबर 2025 के उस आदेश के एक हिस्से पर शुक्रवार को रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल को 'नकद लेकर सवाल पूछने' के कथित मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आरोपपत्र दाखिल करने की मंजूरी देने पर विचार करने को कहा गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ लोकपाल की याचिका पर मोइत्रा, सीबीआई और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं शिकायतकर्ता निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किए।



लोकपाल ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि 'लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013' के तहत आरोप-पत्र दाखिल करने और अभियोजन शुरू करने के लिए अलग-अलग अनुमति लेने का प्रावधान नहीं है। उच्च न्यायालय ने मोइत्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए सीबीआई को मंजूरी देने संबंधी लोकपाल के आदेश को 19 दिसंबर, 2025 को निरस्त कर दिया था। न्यायालय ने उस आदेश के पैरा 89 में कहा था कि हमने लोकपाल से अनुरोध किया है कि वह संबंधित प्रावधानों के अनुसार एक महीने के भीतर लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करें। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने लोकपाल अधिनियम की धारा 20 के तहत उल्लिखित शक्तियों और प्रक्रियाओं से संबंधित याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए उच्च न्यायालय के फैसले के पैरा 89 पर रोक लगा दी।

# विधानसभा चुनाव से पहले ममता ने पांच समुदायों के लिए बोर्डों के गठन की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार पांच समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्डों का गठन करेगी। विधानसभा चुनाव से पहले यह घोषणा करते हुए ममता ने कहा कि ये बोर्ड इन समुदायों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करेंगे और उनका सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार की मंशा जल्द ही मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा (अनुसूचित जनजाति), डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार (अन्य पिछड़ा वर्ग) और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समुदाय राज्य की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड उनकी अनूठी भाषाओं और परंपराओं की रक्षा करते हुए उनके लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सुनिश्चित करेंगे।

# नंदकुमार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस-टैंकर की टक्कर, 22 यात्री घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदकुमार थाना अंतर्गत हांसगेड़िया इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-116 पर शुक्रवार की सुबह भयावह सड़क दुर्घटना में 22 यात्री घायल हो गए। यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े टैंकर के पीछे जोरदार टक्कर मारने से यह हादसा हुआ। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में लगभग 6.30 बजे सोलपट्टा-कोलकाता रूट की एक बस सोलपट्टा से कोलकाता की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में चल रही थी। इसी दौरान, चालक ने आगे चल रही एक अन्य बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। तभी, नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़े टैंकर के पीछे जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों में से करीब 14 लोगों को तमलुक के ताम्रलिप्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है, जबकि अन्य घायलों को नंदकुमार के खेजुरबेड़िया ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक घायलों में एक की हालत गंभीर है। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर नंदकुमार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चंडीतला में अवैध पटाखों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 3000 किलो प्रतिबंधित पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार



**हुगली :** हुगली जिले के चंडीतला थाना क्षेत्र के मानसातला इलाके में पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान करीब 3000 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए। पुलिस ने इस मामले में अशोक नाथ (40) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो चंडीतला का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और कारोबार की सूचना मिलने के बाद यह अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच जारी है।

# बकाया महंगाई भत्ते को लेकर कर्मचारियों के एक वर्ग ने बंद किया काम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के मुख्यालय 'खाद्य भवन' के बाहर शुक्रवार को उस समय हंगामा हो गया जब लंबित महंगाई भत्ते (डीए) की मांग को लेकर चल रहे 'कार्य बहिष्कार' आंदोलन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने अपने सहकर्मियों को कथित तौर पर कार्यालय में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की। बता दें कि राज्य सरकार पर डीए के बकाये के भुगतान और इस मुद्दे पर हाल में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को लागू करने का दबाव बनाने के लिए 'संग्रामी संयुक्त मंच' ने इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। मंच के नेता भास्कर घोष ने दावा किया



कि राज्य सरकार के अधिकांश कर्मचारियों ने काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी कार्यालय पहुंचे, उनसे प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन के समर्थन में काम से दूर रहने की अपील की। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि हमने काम पर आने वालों को लाल गुलाब देकर आज कार्यालय में प्रवेश न करने का अनुरोध किया। कई लोगों ने हमारी अपील मान ली जबकि जिन्होंने नहीं मानी, उन्होंने अपने विवेक के अनुसार काम किया। उन्होंने इन आरोपों से भी इनकार किया कि प्रदर्शनकारियों ने फ्री स्कूल स्ट्रीट स्थित परिसर में वाहनों के प्रवेश को रोका। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि 'उकसावे की कार्रवाई तृणमूल कांग्रेस समर्थक कुछ सरकारी कर्मचारियों' ने की। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध राज्य सरकार कर्मचारी संघ के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि आंदोलन के बावजूद कार्यालयों में उपस्थिति '100 प्रतिशत' रही। उन्होंने कहा कि कर्मचारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की 'जनहितैषी और सरकार समर्थक नीतियों' का समर्थन करते हैं। मंच के सदस्यों ने बहरामपुर, बांकुड़ा, बारासात, मालदह और मिदनापुर समेत कई जिलों में भी सरकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया और सहकर्मियों से काम से दूर रहने की अपील की।

भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE

**JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AGNIVEERVAYU**

**INDIAN AIR FORCE INVITES UNMARRIED INDIAN MALE AND FEMALE CANDIDATES TO APPEAR IN RECRUITMENT RALLY FROM 20 MAR 2026 TO 23 MAR 2026 TO JOIN THE IAF AS AGNIVEERVAYU (OTHER THAN SCIENCE) INTAKE 02/2026 AT SHILLONG (MEGHALAYA).**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Venue / Location** | HQ Eastern Air Command IAF, Nonglyer PO Upper Shillong, Meghalaya-793009 |
| 2. | **Marital Status and Date of Birth Block** | Candidate should be unmarried and born between **02 July 2005 and 02 January 2009 (both dates inclusive).** |
| 3. | **Educational Qualification** | Candidate should have passed Intermediate/ 10+2/ Equivalent Examination in any stream/ subjects from Education Boards recognised by Central/ State/ UT with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English.<br>**OR**<br>Passed two years Vocational Course from Education Boards recognised by Central/ State/ UT with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English in Vocational Course (or in Intermediate/Matriculation if English is not a subject in Vocational Course).<br>**OR**<br>Passed Three years Diploma Course in Engineering (Mechanical / Electrical/ Electronics/ Automobile/ Computer Science/ Instrumentation Technology/ Information Technology) from Central, State and UT recognised Polytechnic institute with 50% marks in aggregate and 50% marks in English in Diploma Course (or in Intermediate/Matriculation, if English is not a subject in Diploma Course).<br>**Note-1.** Education Boards recognised by Central, State and UT as on date of selection test shall only be permitted.<br>**Note-2.** Exact aggregate percentage of marks before decimal as written in the marks sheet of 10+2/ Intermediate/ Equivalent Examination/ Three years Diploma Course/ Two years vocational course OR calculated as per the rules of concerned Education Board/ Polytechnic Institute shall only be considered (For example 49.99% should be taken as 49% and not to be rounded off to 50%). |
| 4. | **Stream** | Agniveervayu (other than science). |
| 5. | **Time & Date of Rally** | Reporting time at Rally Venue: **6 AM on 20 Mar (For female) and 22 Mar 26 (For male)**(as per details given below at Para 6) & Last time to report **1000 Hrs.** |
| 6. | **Domicile States Covered** | **20 Mar 26:** Female candidates of all districts of States of Arunachal Pradesh, Assam, Meghalaya and Sikkim.<br>**22 Mar 26:** Male candidates of all districts of States of Arunachal Pradesh, Assam, Meghalaya and Sikkim. |

FOR DETAILED ADVERTISEMENT LOG ON TO WEB PORTAL **https://agnipathvayu.cdac.in**

Scan QR code for detailed information

CBC 10803/11/0031/2526

## बिहार में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत हरित आवरण बढ़कर 15.5 प्रतिशत से अधिक हुआ

**पटना:** बिहार में करीब सात वर्ष पहले शुरू किए गए 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। अभियान के तहत राज्य में अब तक 21 करोड़ 24 लाख 97 हजार 366 पौधे लगाए जा चुके हैं, जिससे राज्य का हरित आवरण बढ़कर 15.5 प्रतिशत से अधिक हो गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग ने वर्ष 2019 में 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान शुरू किया था, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के माध्यम से हरित क्षेत्र का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

## हेमंत सोरेन ने झारखंड में 12 आधुनिक थानों की आधारशिला रखी

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर से डिजिटल तरीके से 12 आधुनिक थानों की आधारशिला रखी। सोरेन ने राज्य भर के विभिन्न थानों के लिए 636 चार पहिया वाहनों और 849 दो पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पुलिस बल राज्य में अपराध कम करने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से निगरानी तंत्र मजबूत होगा।' अधिकारियों ने बताया कि 12 नए थाने एकीकृत परिसर होंगे, जिनमें महिला थाने, साइबर थाने और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति थाने होंगे तथा वे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।

## बिहार के सारण में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हुई

**सारण:** बिहार के सारण जिले में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर पांच हो गई। अधिकारियों ने बताया कि उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई है। घटना जिले के पानापुर और मढ़ौरा (मशरख) इलाके में हुई। बिहार में वर्ष 2016 से शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। अधिकारियों के अनुसार, कथित तौर पर मिलावटी शराब पीने के बाद कम से कम सात अन्य लोगों का जिले के सदर अस्पताल में इलाज जारी हैं।

# मुख्यमंत्री ने समाज में गंदगी फैलाने वाले कचरे को भी तसल्लीबख्श तरीके से साफ किया: राजनाथ



### लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का लोकार्पण और तीसरे-चौथे चरण का शिलान्यास किया गया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 1,519 करोड़ की लागत की ग्रीन कॉरिडोर परियोजना से जुड़े कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया और लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया और उसका समुचित उपयोग करके संसाधन जुटाकर करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम किया। उन्होंने कहा कि शहरी विकास के मामले में यह मॉडल एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस प्रकार संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करके बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जा सकता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत आईआईएम रोड से पक्का पुल तथा पक्का पुल (डालीगंज) से समता मूलक चौराहे तक के दो चरणों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका लोकार्पण किया गया।

**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्होंने समाज में गंदगी फैलाने वाले कचरे को भी संतोषजनक तरीके से साफ करने का काम किया है। आदित्यनाथ और सिंह ने लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर पहल के तहत 1,519 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रमों की शुरुआत की। इस मौके पर योगी की मौजूदगी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, 'स्वच्छता के मामले में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है, गंदगी दूर हुई है, हमारे मुख्यमंत्री जी ने समाज में गंदगी फैलाने वालों, समाज के कूड़े-कचरे को भी तसल्लीबख्श साफ करने का कार्य किया है, मुख्यमंत्री जी इसी प्रकार काम करते रहेंगे।' सिंह ने कहा, 'योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं, योगी जी ने माफियाओं और गुंडों के घर पर बुलडोजर चलवाकर उन्हें सबक सिखा दिया।' उन्होंने कहा, 'मगर वे लोग बुलडोजर का केवल एक ही पक्ष देखते हैं, बुलडोजर केवल तोड़ता ही नहीं है, बल्कि तोड़ने के बाद विकास की जमीन भी तैयार करता है।'

## जयपुर: कारखाने में टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के बालोतरा में कपड़ा कारखाने के कीचड़ (स्लज) टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूरों की कथित तौर पर जहरीली गैस के प्रभाव के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बालोतरा के उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने कहा, ऐसा लगता है कि मजदूरों की मौत जहरीली गैस के कारण हुई है। उन्हें बिना किसी सुरक्षा उपकरण के टैंक में उतारा गया था। कुमार ने बताया कि हादसा औद्योगिक क्षेत्र में एक कपड़ा कारखाने में हुआ और मृतकों की पहचान बालोतरा के निवासियों गुमानाराम (25), विशंभर तिवारी (54) और श्रवण (32) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि टैंक में उतरे मजदूरों के बेहोश होने पर अन्य मजदूरों ने कारखाने के मालिक को घटना की जानकारी दी और उन तीनों को टैंक से बाहर निकाला।

## न्यूज अपडेट

### यूपी सरकार ने एलपीजी और ईंधन वितरण की निगरानी तेज की, कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने पश्चिम एशिया में तनाव के कारण फैली अफरा-तफरी के दौरान जमाखोरी के मद्देनजर जिलों में एलपीजी और ईंधन वितरण की निगरानी तेज कर दी है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने बार-बार भरोसा दिलाया है कि राज्य में एलपीजी या पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। कन्नौज जिले में शुक्रवार को गुरसहायगंज कस्बे में कालाबाजारी के आरोपों के बाद छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर और बुकिंग रिकॉर्ड जब्त किए। छिबरामऊ के उप ज़िलाधिकारी (एसडीएम) ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बगिया इलाके के एक घर में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण व बिक्री की सूचना मिली थी। द्विवेदी ने कहा, सूचना मिली थी कि परिसर में कालाबाजारी के लिए 150 से अधिक सिलेंडर जमा किए जा रहे थे। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने घर के एक कमरे से 11 खाली सिलेंडर और एक भरा हुआ सिलेंडर बरामद किया, साथ ही 113 गैस बुकिंग पुस्तिका भी मिलीं। एसडीएम ने कहा, प्रारंभिक जांच के दौरान गैस एजेंसी के संचालक और कुछ कर्मचारियों के बीच मिलीभगत का संकेत मिला है। सिलेंडर और बुकिंग बुक जब्त कर ली गई हैं और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच, देवरिया जिले में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद अधिकारियों ने घोषणा की है कि शनिवार से एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी पूरी तरह से फिर से शुरू हो जाएगी।

### राजस्थान में हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और किसानों के हितों की रक्षा व उनके कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुवाहाटी में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के अंतपण कार्यक्रम को संबोधित किया, जिसमें मुख्यमंत्री शर्मा आनलाइन जुड़े। शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा व उनके कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है, जिसके तहत पात्र किसानों को हर साल राज्य सरकार की ओर से तीन हजार रुपये की अतिरिक्त सम्मान राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस सम्मान निधि की राशि को चरणबद्ध रूप से 12 हजार रुपये तक बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है।

## बिहार: नीतीश ने 'समृद्धि यात्रा' के दौरान 816 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया



**सहरसा/खगड़िया:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 'समृद्धि यात्रा' के दौरान सहरसा और खगड़िया जिलों में लगभग 816 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने दोनों जिलों में जारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, सहरसा जिले में 512 करोड़ रुपये की लागत से 125 से अधिक परियोजनाओं की शुरुआत की गई। बयान में बताया गया कि इनमें 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 70 योजनाओं का उद्घाटन व करीब 90 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अतिरिक्त 136 करोड़ रुपये की 35 योजनाओं का भी कार्यारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले के शाहपुर स्थित वार्ड संख्या सात में बने 'शाहपुर जीविका सिलाई-सह-उत्पादन केंद्र' का उद्घाटन भी किया। उन्होंने उद्घाटन के बाद जीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 'जीविका दीदी सिलाई घर' की चाबियां सौंपी और केंद्र का निरीक्षण किया। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अधीन स्वायत्त संस्था बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी (बीआरएलपीएस) के माध्यम से विश्व बैंक समर्थित बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसे स्थानीय स्तर पर 'जीविका' के नाम से जाना जाता है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण करना है। इससे जुड़ी महिलाओं को 'जीविका दीदी' कहा जाता है।

# बिहार में एलपीजी सिलेंडर के लिए लंबी कतारें, पटना में नियंत्रण कक्ष स्थापित



**पटना:** बिहार में 'घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं' होने के प्रशासन के दावों के बावजूद शुक्रवार को कई जिलों में बड़ी संख्या में लोग बुकिंग और आपूर्ति के लिए गैस एजेंसियों के कार्यालय पहुंचे। पटना, भागलपुर, रोहतास और कटिहार समेत कई जिलों में एलपीजी वितरण एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। इस बीच खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राज्य में रसोई गैस (एलपीजी) से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राजधानी पटना में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक कार्यरत रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण या उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या व शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आम लोग अपनी समस्याओं और परेशानियों की जानकारी नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 0612-2233050 पर दे सकते हैं, ताकि विभाग त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर सके।

## आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा भारत : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि हालिया युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक संकटों और आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद भारत सक्षम नेतृत्व की वजह से विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। लखनऊ में 1,519 करोड़ रुपये की ग्रीन कॉरिडोर परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आप देख ही रहे होंगे कि एक युद्ध छिड़ गया है। दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल का माहौल है और इन परिस्थितियों में भी, हमारा देश अपनी विकास यात्रा पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है... क्योंकि देश के पास सक्षम और कुशल नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व यह सुनिश्चित कर रहा है कि विकास की गति को तेज करते हुए देश की हर जरूरत को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि उस सक्षम नेतृत्व के तहत, भारत तेजी से प्रगति कर रहा है, हर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर से लखनऊ शहर भर में यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जो दूरी तय करने में पहले 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक का समय लगता था, अब वह सिर्फ 10 से 15 मिनट में तय की जा सकती है।

# राज्यों की खबरें

## 'ट्रांसजेंडर' की उपयुक्त परिभाषा के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया गया

**नयी दिल्ली :** 'ट्रांसजेंडर' शब्द की उपयुक्त परिभाषा देने और इस वर्ग के लोगों को नुकसान पहुंचाने के मामले में सजा के प्रावधान वाला एक विधेयक शुक्रवार को लोकसभा में पेश किया गया। ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने पेश किया। विधेयक में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सही और सुनिश्चित पहचान करना और उनकी सुरक्षा के लिए एक उपयुक्त परिभाषा देना जरूरी है ताकि उन्हें मौजूदा कानून का फायदा मिल सके। इसमें कहा गया है कि मौजूदा कानून के तहत दी जाने वाली सुरक्षा और फायदे बहुत व्यापक हैं, और इसलिए इस बात का ध्यान रखना होगा कि ''ऐसी पहचान किसी व्यक्ति की किसी खासियत या निजी पसंद या खुद की बताई गई पहचान के आधार पर नहीं दी जा सकती।''

# देशभर में घरेलू गैस की 'किल्लत' से लोग प्रभावित

### केंद्र ने घबराहट में 'बुकिंग' से बचने की सलाह दी



**नयी दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में शुक्रवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कथित कमी को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई राज्यों में लोग गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। हालांकि केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की कोई वास्तविक कमी नहीं है और लोगों को घबराहट में सिलेंडर बुक करने से बचना चाहिए।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि पांच मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। शर्मा ने कहा कि ईरान संघर्ष से पहले जहां प्रतिदिन औसतन 55.7 लाख बुकिंग होती थीं, वहीं अब यह बढ़कर 75.7 लाख तक पहुंच गई है, जो स्पष्ट रूप से घबराहट में की जा रही बुकिंग को दर्शाता है।बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भीड़ देखी गई। पटना, भागलपुर, रोहतास और कटिहार में उपभोक्ता बुकिंग और आपूर्ति के लिए एजेंसियों के चक्कर लगाते नजर आए। पश्चिम बंगाल में काकद्वीप से लेकर सिलीगुड़ी तक कई जगहों पर लोग खाली सिलेंडर लेकर गैस एजेंसियों के बाहर इंतजार करते दिखाई दिए।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिसका असर बाजार में दिखने लगा है।एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान का असर छोटे कारोबारों पर भी पड़ रहा है। दिल्ली में कई रेहड़ी-पटरी और फास्ट-फूड विक्रेताओं ने बताया कि उन्हें महंगे दामों पर छोटे सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। कुछ विक्रेताओं ने अपने व्यंजनों की कीमतें भी बढ़ा दी हैं, जिससे ग्राहकों की संख्या घटने लगी है। मध्यप्रदेश होटल एसोसिएशन ने होटल-रेस्तरां संचालकों को ईंधन की बचत के लिए व्यंजन सूची में बदलाव करने की सलाह दी है। केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अनुसार राज्य में करीब 20 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो चुके हैं और यह संख्या बढ़ सकती है।इसी बीच जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कई राज्यों में कार्रवाई भी की गई है। तमिलनाडु के मदुरै में 398 एलपीजी सिलेंडर जमा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## छात्र और शिक्षक संगठन जेएनयू की कुलपति के खिलाफ करेंगे 'जन सुनवाई'

**नयी दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के शिक्षक संघ और छात्रसंघ ने विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित के खिलाफ संयुक्त रूप से 'जन सुनवाई' आयोजित करने की घोषणा की है। यह प्रक्रिया सोमवार से विश्वविद्यालय परिसर में साबरमती लॉन पर शुरू होगी। यह कदम हाल ही में जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) द्वारा कराए गए छात्र जनमत संग्रह के बाद उठाया गया है। इसमें मतदान करने वाले अधिकतर छात्रों ने कुलपति से इस्तीफे की मांग का समर्थन किया था। जेएनयू छात्रसंघ और जेएनयू शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) सोमवार और बुधवार को क्रमशः कुलपति के खिलाफ अपना-अपना 'आरोप-पत्र' पेश करेंगे। जेएनयूटीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि ये 'आरोप-पत्र' विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सार्वजनिक हस्तियों के एक पैनल के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही लिखित दस्तावेजों के अलावा मौखिक प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें सभी संबंधित दस्तावेज शामिल होंगे।

## पश्चिम एशिया संकट: विदेश मंत्री जयशंकर ने दो सप्ताह में अपने ईरानी समकक्ष से चौथी बार बात की

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के तुरंत बाद जयशंकर और अराघची ने 28 फरवरी को बातचीत की थी। इसके बाद उन्होंने 5 मार्च और 10 मार्च को भी बात की थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''बीती रात ईरानी विदेश मंत्री अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।'' बीती रात फोन पर बातचीत ऐसे समय में हुई जब भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। इस समुद्री मार्ग को अमेरिका-इजराइल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद ईरान ने आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। ईरान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए ''हमलों और अपराधों'' के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई नवीनतम स्थिति और क्षेत्र तथा विश्व की स्थिरता एवं सुरक्षा पर इसके परिणामों के बारे में जानकारी दी।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से सबक लेकर भारत हवाई रक्षा प्रणाली को अत्यंत मजबूत करे: पूर्व वायुसेना प्रमुख



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने के बीच, भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि उसे अधिक अस्त्र प्रणालियों, रडारों और अन्य अभियानगत क्षमताओं के साथ एक ''अत्यंत मजबूत हवाई रक्षा'' का निर्माण करने की आवश्यकता है। बृहस्पतिवार को यहां एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान चौधरी ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष में ड्रोन के उपयोग का जिक्र किया और कहा कि वे भविष्य के किसी भी संघर्ष में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अभी ''हमें अपना सारा भरोसा केवल ड्रोन पर नहीं रखना चाहिए''। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा, ''हां, वे मौजूदा प्रयासों में सहायक होंगे, लेकिन हम युद्ध जीतने के लिए पूरी तरह से ड्रोन पर निर्भर नहीं रह सकते।'' अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मौजूदगी वाले कई खाड़ी देशों पर हमला किया, जिससे वैश्विक विमानन संचालन और तेल की कीमतों पर असर पड़ा तथा गंभीर ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है। भारत और पड़ोसी देशों के रक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ बुधवार से शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु आधारित थिंक-टैंक सिनर्जिया द्वारा मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। चौधरी ने बृहस्पतिवार को 'भारत की बहु-क्षेत्रीय हवाई रीढ़' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया। कार्यक्रम से इतर यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द ही समाप्त होने की कोई उम्मीद है, उन्होंने कहा, ''आपका अनुमान मेरे अनुमान जितना ही अच्छा है।''

## अमेरिका और भारत महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब: अमेरिकी राजदूत गोर

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और भारत महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और अगले कुछ महीनों में एक बड़ी घोषणा होने की उम्मीद है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिका-भारत संबंधों में उल्लेखनीय कामयाबी देखी गई है, जिसमें एक नया व्यापार समझौता भी शामिल है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अमेरिका और भारत एक महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं, जिससे उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा प्रणालियों और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए आवश्यक आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी।

## मध्यप्रदेश: आयकर विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर की छापेमारी, 50 तोला सोना, लाखों की नकदी लेकर फरार

**धार (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के धार जिले में बदमाशों के एक समूह ने शुक्रवार को खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर एक ठेकेदार के घर पर छापेमारी की और करीब 50 तोला सोना और लाखों रुपये नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर स्थित बाग क्षेत्र के ब्राह्मण मोहल्ले में शुक्रवार सुबह हुई। धार के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बताया कि पुलिस की एक टीम गठित करके आरोपियों की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अपराध शाखा के कर्मियों को भी तैनात किया गया है और उम्मीद है कि जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

## केंद्रीय गृह सचिव ने महिलाओं, बच्चों को निशाना बनाने वाले ऑनलाइन अपराधों को रोकने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने शुक्रवार को कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटल परिवेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ ऑनलाइन अपराध बढ़ रहे हैं और उन्होंने राज्यों और अन्य हितधारकों से इस मुद्दे का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने का आग्रह किया। उन्होंने 'महिलाओं और बच्चों के खिलाफ ऑनलाइन अपराध (ओसीडब्ल्यूसी) पर राष्ट्रीय संवाद' का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा आयोजित किया गया।

## सीबीआई ने 228 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ की



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 228 करोड़ रुपये के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से करीब साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के पूर्व निदेशक जय अनमोल को शनिवार को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में जय अनमोल से यहां सीबीआई मुख्यालय में पूछताछ की। बैंक धोखाधड़ी मामले में अनमोल पर रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कंपनी से तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। सीबीआई की एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''सीबीआई ने जय अनमोल अनिल अंबानी को आज दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में पूछताछ के लिए तलब किया। आरोपी जय अनमोल अनिल अंबानी आज जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए और उनसे लगभग साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की गई।'' उन्होंने कहा, ''आगे की जांच के लिए आरोपी को कल भी जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है।''

पश्चिम बंगाल में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को नई मजबूती



राष्ट्र को समर्पित
- बेलदा और दांतन के बीच तीसरी रेल लाइन (16 किमी)
- कलाईकुंडा और कानीमहुली के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (55 किमी)

6 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन
कामाख्यागुड़ी । अनारा । तमलुक । हल्दिया । बराभूम । सिउड़ी

हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ
पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) एक्सप्रेस

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा
शनिवार, 14 मार्च, 2026 को दोपहर 02.30 बजे
ब्रिगेड परेड ग्राउंड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल

फायदे
- बेहतर स्टेशन एक्सेस
- आधुनिक प्रतीक्षालय
- लिफ्ट और एस्केलेटर
- यात्रियों को सुविधा
- नई ट्रेन सेवा



## सेबी ने म्यूचुअल फंड के लिए एक दिन की उधारी को लेकर दिशानिर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली:** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों से एक दिन की उधारी लेने की व्यवस्था के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए। इस व्यवस्था के तहत म्यूचुअल फंड योजनाएं चलाने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) के निदेशक मंडल के साथ ही ट्रस्टी बोर्ड को भी एक दिन की उधारी सुविधाओं के उपयोग को नियंत्रित करने वाली नीति को मंजूरी देनी होगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि एएमसी इस अनुमोदित नीति को अपनी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करेंगी। सेबी ने कहा कि एक दिन के लिए ली गई उधारी का इस्तेमाल केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें यूनिट की पुनर्खरीद या भुगतान, ब्याज का भुगतान या यूनिटधारकों को पूंजी निकासी का भुगतान शामिल है।

## भारत, अमेरिका के बीच परस्पर लाभकारी व्यापार समझौते पर बातचीत जारीः वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत का सिलसिला जारी है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए पिछले महीने वाशिंगटन में मिलना था। लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमेरिकी प्रशासन के जवाबी शुल्कों को रद्द करने के बाद इस मुलाकात को स्थगित कर दिया था। मंत्रालय ने व्यापार समझौते पर द्विपक्षीय बातचीत रुक जाने का दावा करने वाली खबरों को खारिज करते हुए यह बात कही। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'हमने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट पर गौर किया है। इस बात का खंडन किया जाता है कि द्विपक्षीय बातचीत में कोई ठहराव आया है। दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए संपर्क में बने हुए हैं।'

# सरकार ने एलपीजी जमाखोरों को चेतावनी दी, पाइप वाली रसोई गैस अपनाने का किया आग्रह

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के करीब रहने वाले लगभग 60 लाख परिवारों से इस सुविधा को अपनाने का अनुरोध किया है। सरकार ने जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों को चेतावनी दी है कि अगर वे पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा हुए संकट का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पांच मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। उन्होंने कहा, 'घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है, और किसी भी एलपीजी डीलर के पास स्टॉक खत्म नहीं हुआ है।'' शर्मा ने बताया कि ईरान युद्ध से पहले औसतन 55.7 लाख बुकिंग के मुकाबले इस समय एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जो स्पष्ट रूप से घबराहट में की जा रही बुकिंग को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी वितरकों के पास पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति श्रृंखला सामान्य रूप से काम कर रही है। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे घबराहट में बुकिंग न करें या डीलरशिप पर कतार न लगाएं। उन्हें जरूरत होने पर ही गैस सिलेंडर का ऑर्डर देना चाहिए। सरकार घरेलू रसोई के साथ ही अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है और उन्हें निर्बाध एलपीजी दी जा रही है। दूसरी तरफ होटलों और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की आपूर्ति में कटौती की गई है। राज्य सरकारों की तरफ से जमाखोरों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का हवाला देते हुए शर्मा ने कहा कि पेट्रोलियम और नागरिक आपूर्ति मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के नागरिक आपूर्ति विभागों के साथ बैठकें की हैं। उन्हें जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसने को कहा गया है। उन्होंने तमिलनाडु के एक मामले का उदाहरण दिया जहां डिब्बों में ईंधन देने के आरोप में एक पेट्रोल पंप की डीलरशिप निलंबित कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस तरह की अन्य कार्रवाइयां भी की जाएंगी।

### केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की कगार पर



**कोच्चि:** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बाद उत्पन्न एलपीजी की कमी के कारण केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की स्थिति में हैं, क्योंकि कई प्रतिष्ठान खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। यह जानकारी उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने दी। एलपीजी की कमी से रेस्तरां के अलावा कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी प्रभावित हुए हैं। 'केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष जी. जयपाल ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा कि शुक्रवार तक राज्य में लगभग 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया,' बृहस्पतिवार तक करीब 20 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो चुके थे। शुक्रवार तक यह संख्या बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी क्योंकि एलपीजी का भंडार जल्द खत्म हो जाएगा।'' केंद्र और राज्य सरकारों ने खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपनाने की सलाह दी है लेकिन संगठन का कहना है कि शहरी क्षेत्रों के होटलों में लकड़ी से खाना बनाना व्यावहारिक नहीं है। जयपाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत अधिकतर शहरी रेस्तरां में आधुनिक रसोई प्रणाली अपनाई गई है। वहां लकड़ी या अन्य ईंधनों से खाना बनाने की व्यवस्था नहीं है। शहरी क्षेत्रों के रेस्तरां इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी एलपीजी आपूर्तिकर्ता सिलेंडर के लिए लगभग दोगुनी कीमत वसूल रहे हैं और पिछले दो दिन में ईंधन लकड़ी की कीमत भी काफी बढ़ गई है।

# इंडिगो 14 मार्च से घरेलू, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क वसूलेगी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आए तेज उछाल के बीच इंडिगो ने शुक्रवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 14 मार्च से 425–2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क वसूलने की घोषणा की। इंडिगो के इस कदम से हवाई किराये में बढ़ोतरी हो जाएगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि घरेलू उड़ानों और भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ईंधन शुल्क 425 रुपये होगा, जबकि पश्चिम एशिया की तरफ जाने वाली उड़ानों के लिए यह शुल्क 900 रुपये होगा। दक्षिण–पूर्व एशिया और चीन, अफ्रीका और पश्चिम एशिया की



उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 1,800 रुपये होगा जबकि यूरोप की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 2,300 रुपये होगा। एयरलाइन के संचालन खर्च में विमानन ईंधन (एटीएफ) की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत होती है। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू–राजनीतिक तनाव के कारण एटीएफ की कीमतों में तेज़ वृद्धि हुई है, लिहाजा ईंधन शुल्क लगाने का कदम उठाया गया है। एयरलाइन ने कहा, अगर ईंधन की बढ़ी कीमतों का पूरा असर टिकट किराए पर डाला जाता तो किराया काफी ज्यादा बढ़ाना पड़ता। इसलिए यात्रियों पर बोझ कम रखने के लिए अपेक्षाकृत कम राशि का ईंधन शुल्क लगाया गया है। इससे पहले 10 मार्च को एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी टिकटों पर ईंधन अधिभार लगाने की घोषणा की थी।

## कोल इंडिया की इकाई सीएमपीडीआईएल 20 मार्च को लाएगी आईपीओ

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई कोल सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआईएल) 20 मार्च को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के आईपीओ संबंधी मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, यह निर्गम 24 मार्च को बंद होगा जबकि एंकर (प्रमुख) निवेशकों के लिए बोली 18 मार्च को लगाई जाएगी। इस आईपीओ के तहत कोल इंडिया लिमिटेड की तरफ से 10.71 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। यह निर्गम पूरी तरह से ओएफएस पर आधारित होगा और कोई नया शेयर जारी नहीं होगा। इससे पहले, कोल इंडिया की एक अन्य अनुषंगी भारत कोकिंग कोल (बीसीसीएल) भी जनवरी महीने में अपना 1,071 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 1,471 अंक लुढ़का

**पिछले दो हफ्तों में निवेशकों की संपत्ति 33.68 लाख करोड़ रुपये घटी**

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,470 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी को 488 अंकों का नुकसान हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपये की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,579.82 अंक यानी दो प्रतिशत गिरकर 74,454.60 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,348 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 941 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 132 अन्य शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। लिवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि बाजार में आई यह तेज गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और भारत जैसी ऊर्जा आयातक अर्थव्यवस्थाओं के लिए बढ़ती व्यापक आर्थिक चिंताओं के कारण है।

# अमेजन इंडिया ने अपनी हवाई मालढुलाई सेवा का गुवाहाटी, कोलकाता तक किया विस्तार

**नयी दिल्ली:** ई–कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई मालढुलाई बेड़े 'अमेजन एयर' की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 2023 में अमेजन एयर सेवा की शुरुआत के बाद से यह हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। अब इसका विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक विस्तार होने से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। अमेजन के मुताबिक, इस हवाई मालढुलाई सेवा के विस्तार से पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों–अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया।



# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, छह मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.88 अरब डॉलर घटकर 563.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर–अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट–बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.61 अरब डॉलर घटकर 130.01 अरब डॉलर रह गया।



## ईरान फुटबॉल टीम ने ट्रंप पर पलटवार करते हुए कहा, विश्व कप में भाग लेने से 'कोई नहीं रोक सकता'

**जेनेवा:** ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से ''कोई भी बाहर नहीं कर सकता।' टीम ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह–मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन 'मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।' ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

# पांच भारतीय युवा मुक्केबाजों ने पदक पक्के किए

**बैंकॉक:** भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत के बाद विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में पोडियम में जगह पक्की कर ली। गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी (54 किग्रा), अंबेकर मीतेई (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) और राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) की जीत से भारत की पदक की उम्मीदें और मजबूत हुईं। ये सभी सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे देश के लिए टूर्नामेंट में पांच पदक पक्के हो गए। सुबह के सत्र में गुंजन ने अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा पर 5–0 से जीत



हासिल की जबकि जॉयश्री देवी ने पहले दौर में रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) से जापान की यूरा कनेमारू को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो पर 4–1 से जीत दर्ज की। शाम के सत्र में दो और भारतीय मुक्केबाज आगे बढ़े जिसमें चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) ने दूसरे दौर में स्पेन की एंड्रिया बुएल्गा गार्सिया को आरएससी से हराया जबकि राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की सिओभान हेली को 4–1 से मात दी। वहीं साहिल दुहान (60 किग्रा) अपने आखिरी आठ मुकाबले में फ्रांस के डेविड हारुत्युनयान से 1–4 से हार गए।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन

**नयी दिल्ली:** अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर–17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और 'अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया' में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी। प्रभाकरन भी अनुभवी फुटबॉल प्रशासक हैं जिन्होंने आई–लीग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनंदो धर के कुछ समय तक कार्यवाहक महासचिव के रूप में कार्य करने के बाद 2022 में एआईएफएफ के पूर्णकालिक महासचिव के रूप में दास का स्थान लिया था। प्रभाकरन ने 'एक्स' पर लिखा, ''एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का आज सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इस बेहद कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं। ओम शांति।' एआईएफएफ ने भी अपने पूर्व शीर्ष अधिकारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'



## हमारे लिए चिंता का विषय नहीं, यह आईपीएल नहीं: अबरार से करार करने पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला

**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने 'द हंड्रेड' नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने बृहस्पतिवार को 'द हंड्रेड' खिलाडियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने पीटीआई से कहा, ''यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। 'द हंड्रेड' या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना–देना नहीं है।' ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए 190000 पाउंड (लगभग 2.34 करोड़ रुपये) दिए। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का 'एक्स' अकाउंट कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया। आईपीएल की फ्रेंचाइजी ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच खराब राजनयिक रिश्तों के कारण 2009 से पाकिस्तानी खिलाड़ी से कोई अनुबंध नहीं किया है। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का भी मालिक है। उसने पिछले साल पहले के नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का टेकओवर किया था। सनराइजर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी काव्या मारन नीलामी में शामिल हुईं। उनकी एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम भी है लेकिन उनके पास इस टीम में कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है।



## न्यूज अपडेट

### कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल 2026 के लिए जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी से करार किया

**कोलकाता:** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार करने की घोषणा की। मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजरबानी हाल में खत्म हुए टी20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा। केकेआर ने एक बयान में कहा, ''केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र के लिए जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार किया है। छह फुट आठ इंच के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अपनी तेज बाउंस और पारी के अहम हिस्से में विकेट निकालने की काबिलियत के लिए मशहूर है। '' इसके अनुसार, ''मुजरबानी के पास टी20 का काफी अनुभव है। उन्होंने 80 से ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगभग 21 के औसत से 90 से ज्यादा विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ रन पर तीन विकेट रहा है।' मुजरबानी को शामिल करने से पहले केकेआर ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया था। मुजरबानी के 17 मार्च को कोलकाता आने की उम्मीद है।



### एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर: भारत फाइनल में, इंग्लैंड से होगा सामना

**हैदराबाद :** भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को यहां एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1–0 से हराया, जिससे अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा। मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है। भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए। हालांकि भारत ने दूसरे क्वार्टर में लय हासिल कर ली। 18वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर के शॉट को इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने रोक दिया। मेजबान टीम को 27वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान सलीमा टेटे के शॉट को इटली की डिफेंडर ने रोक दिया, जिससे गोल नहीं हो सका। 29वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन नवनीत का शॉट चूक गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में इटली ने जोरदार हमला किया, लेकिन भारत की गोलकीपर बीचू देवी खारिबाम ने इसका बचाव किया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3530 अंक 340 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित। सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता–700 006, विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in